Navbharat (Mycity), 02nd February, 2025, P. 01

विकसित भारत 2047 के लिए मंच तैयार : प्रो. कांकाणी

रायपर। नवभारत ब्यूरो। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी का कहना है कि बजट 2025 भारत की उद्यमशीलता और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक अहम मौका है, जो विकसित भारत 2047 के लिए मंच तैयार करता है। स्टार्टअप्स के लिए 10,000 करोड़ रुपए के नए फंड और 5 लाख एससी / एसटी महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली एक परिवर्तनकारी योजना के साथ, सरकार न केवल नवाचार को बढ़ावा दे रही है बल्कि समावेशिता को भी बढ़ा रही है। ये पहल, शिक्षा के लिए बढ़ी हुई ऋण सीमा और वैश्विक प्रतिभा को आकर्षित करने की नीतियों के साथ मिलकर, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगी।

कार्यबल के लिए एक मजबूत आधार तैयार होगा

Navbharat (Mycity), 02nd February, 2025, P. 01